RAF SECTOR

NEWS CLIP

16/05/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Haribhoomi, Sonipat, (Haryana)

रैपिड एक्शन फोर्स ने खरखौदा क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶। खरखौदा

पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग के मार्ग दर्शन में 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की प्लाटून ने शनिवार को थाना खरखौदा में फ्लैग मार्च किया। संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील क्षेत्रों व संस्थानों की जानकारी प्राप्त की। इलाके के वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों से मेल मिलाप कर पूर्व में घटित हुये दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की प्लाटून के कम्पनी कमांडर बृज मोहन मीना (उप कमांडैन्ट) के नेतृत्व मे खरखौदा पहुंची है। यहां आने का उदेश्य यहां की भौगोलिक स्थिति तथा कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल करना है। जिससे आपात स्थिति को नियंत्रित करते समय पता होना चाहिये कि कौन सा क्षेत्र कहां है। जिले के थाने व मुख्य संसाधन कहां है। कर्तव्य

निर्वहन को सुदृढ रखने के लिये स्वस्थ और मनोरंजक वातावरण बनाये रखने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाये। खरखौदा क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर शहर के लोगों को जागरूक बनाया। आरएएफ के जवानों ने फैंके गये प्लास्टिक, रद्दी कागज के टुकडे, प्लास्टिक की बोतल को झाडू लगाकर साफ सफाई करके कूडा कुडेदान में डालने व गन्दगी नहीं फैलाने को प्रेरित किया। हर व्यक्ति को अपने घर के साथ-साथ अपने गांव व शहर को भी साफ सुथरा रखना चाहिये। जिससे विभिन्न जानलेवा बिमारियो से मुक्ति मिलती है ।

Satya Kesari, Sonipat, (Haryana)

निसिंग में रैपिड एक्शन फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च

क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया गया

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो

निसिंग। गृह मंत्रालय, महानिदेशक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की गाइडलाइंस एवं राकेश कुमार कमांडेंट और रैपिड एक्शन फोर्स के निर्देशानुसार उप कमांडेंट मोहनलाल के नेतृत्व में निसिंग क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। कानून-व्यवस्था के मद्देनजर रैपिड एक्शन फोर्स ने निसिंग शहर में फ्लैग मार्च निकाला। हथियारों व सुरक्षा उपकरणों से लैस आरएएफ के जवान शहर की मुख्य सड़कों से निकले। थाना प्रभारी अजैब सिंह ने भी लोगों से अपील की कि यदि घर में किसी किरायेदार को रख रहे हैं। तो उसकी पूरी डिटेल अपने पास रखें। रैपिड एक्शन फोर्स की एक प्लाटून शनिवार को निसिंग थाना पहुंची। उन्होंने थाना प्रभारी अजैब सिंह से मुलाकात की। इसके बाद पुलिस के जवानों के साथ आरएएफ के जवान कदम ताल करते हुए शहर के मुख्य मार्गों से निकले। इस दौरान पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा निसिंग में पैदल चलकर अभ्यास किया गया। उप-कमांडेंट मोहन सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया गया। साथ ही थाना क्षेत्र के बारे में पूर्ण जानकारी हासिल की गई। इलाके के वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों से मेल-मिलाप करके पूर्व में घटित हुए दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। थाना प्रभारी अजैब सिंह ने बताया कि क्षेत्र में आरएएफ ने पुलिस के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकाला है, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की गतिविधियों से निपटने में आसानी हो। इसके अलावा चेकिंग और नाकाबंदी रुटीन में की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है। कि यदि किसी किरायेदार को रख रहे है। तो उसकी पूरी जानकारी रखें और कोई संदिग्ध व्यक्ति है। तो उसकी जानकारी पुलिस को दें। इस अभ्यास के दौरान 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के निरीक्षक प्रजाराम, सुरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, सनीष कुमार, अनुज त्यागी, अमनदीप सिंह,थाना प्रभारी अजैब सिंह, समाज सेविक जनक पोपली और 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स तथा पुलिस की टीम ने भाग लिया।

Dainik Bhaskar, Karnal, (Haryana)

रैपिड एक्शन फोर्स और जिला पुलिस ने थाना बुटाना, तरावड़ी के एरिया में निकाला मार्च

संभावित दंगों के बारे में व अन्य गतिविधियों के बारे में विचार विमर्श किया

भास्कर न्यूज़ | करनाल

करनाल. रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिस पैदल मार्च निकालते हुए।

रैपिड एक्शन फोर्स ने उप कमांडेंट मोहन सिंह के नेतृत्व में परिचित अभ्यास के क्रम में रविवार को आखिरी दिन थाना प्रबंधक बुटाना निरीक्षक कवर सिंह व थाना प्रबंधक तरावड़ी लोगेश कुमार के साथ पुलिस थाने में मुलाकात की। रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने रविवार को थाना प्रबंधकों से संबंधित थाना क्षेत्रों के बारे में अहम जानकारियां एकत्र की। इसके बाद फोर्स व स्थानीय पुलिस ने मिलकर थाना बुटाना व तरावड़ी के एरिया में मार्च निकाला। इस दौरान टीमों द्वारा थाना क्षेत्रों के वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद स्थापित किया गया और थाना क्षेत्रों के संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों का भ्रमण कर क्षेत्र की संपूर्ण जानकारी हासिल की गई। आमजन से भविष्य में संभावित दंगों के बारे में व अन्य गतिविधियों के बारे में भी विचार विमर्श किया। उप कमांडेंट मोहन सिंह ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पुलिस, अर्धसैनिक बलों और आमजन में सामंजस्य बनाना है। जिससे की भविष्य की संभावित चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके। इस अभ्यास के दौरान 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के निरीक्षक पर्जाराम, निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, निरीक्षक दीपक कुमार, निरीक्षक सनीश कुमार, निरीक्षक अनुज त्यागी, थाना प्रबंधक बुटाना कवरसिंह, थाना प्रबंधक लोगेश कुमार, 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स तथा थानों की पुलिस की टीमों ने भाग लिया।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

194BN RAF FAM-EX DUTY U/PS BUTANA & KARNAL, (HARYANA)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।